बिहार सरकार

**जल संसाधन विभाग**

दिनांक–02.04.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

मुख्य अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन, पटना अंतर्गत सीतामढ़ी जिला बागमती नदी पर ढेंग एवं कटौंझा के समीप बराज निर्माण के विस्तृत योजना प्रतिवेदन तैयार करने का कार्य से संबंधित समयवृद्धि प्रस्ताव पर विचार हेतु आयोजित विभागीय निविदा समिति की बैठक में निम्नांकित पदाधिकारियों ने भाग लिया :–

1. श्री संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना।
2. श्री ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख, मुख्यालय, जल संसाधन विभाग, पटना।
3. श्री वरूण कुमार, अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण –सह– मुख्य अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन, जल संसाधन विभाग, पटना।
4. श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना।

**(A) कार्य विवरणी :–**

| | |
|---|---|
| (i) कार्य का नाम | सीतामढ़ी जिला बागमती नदी पर ढेंग एवं कटौंझा के समीप बराज निर्माण के विस्तृत योजना प्रतिवेदन तैयार करने का कार्य। |
| (ii) योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | Rs. 25,37,00,000 /- (GST सहित), पत्रांक–1/PMC/विविध/191/2024–1038 दिनांक–26.12.2024 |
| (iii) एकरारनामा सं0 | 02/2024–25 Dated : 10.01.2025 |
| (iv) एकरारित राशि | Rs. 25,37,00,000 (GST सहित) |
| (v) संवेदक का नाम | WAPCOS LIMITED |
| (vi) कार्य प्रारंभ की तिथि | 27.12.2024 |
| (vii) एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्ण करने की तिथि | 31.03.2025 |
| (viii) कार्य पूर्ण करने की वास्तविक तिथि | 31.05.2027 |
| (ix) एकरारित अवधि तक कार्य की भौतिक प्रगति | 25 % |
| (x) समय वृद्धि हेतु प्रस्तावित तिथि | 31.05.2027 |
| (xi) प्रमंडल का नाम | समग्र योजना अन्वेषण एवं प्रोजेक्ट प्रीपरेशन प्रमंडल–2, पटना। |

(B) **समीक्षा** :-

प्रस्तुत मामला विभागीय पत्रांक–1038 दिनांक–26.12.2024 के द्वारा सीतामढ़ी जिला बागमती नदी पर ढ़ेंग एवं कटौंझा के समीप बराज निर्माण के विस्तृत योजना प्रतिवेदन तैयार करने के कार्य के समयवृद्धि से संबंधित है।

विभागीय पत्रांक–1038 दिनांक–26.12.2024 के द्वारा सीतामढ़ी जिला बागमती नदी पर ढ़ेंग एवं कटौंझा के समीप बराज निर्माण के विस्तृत योजना प्रतिवेदन तैयार करने के कार्य स्वीकृत्यादेश जारी है जिसमें इस कार्य की कार्यान्वयन की समय सीमा दिनांक–31.03.2025 अंकित है एवं यह कार्य परामर्शी वाप्कोस लिमिटेड को आवंटित है।

एकरारनामा के अनुसार परामर्शी द्वारा Inception Report, Pre-Feasibility Report, Draft Detailed Project Report, ESIA Report एवं Final Detailed Project Report (DPR) तैयार किया जाना है। DPR तैयार करने के क्रम में मुख्यता निम्न Activity/ कार्य किया जाना है –:

(i) Topographic & Allied Survey
(ii) Survey and Investigation
(iii) Hydrological and Meteorological Survey
(iv) Design of Barrage, canal and CD works
(v) Estimation of Quantities and Project Costs including BC Ratio
(vi) Preparation of Draft DPR
(vii) Preparation of ESIA Study Report
(viii) Preparation of Final DPR

उपरोक्त कार्य/ Activity परामर्शी के द्वारा निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाना था।

दिनांक 06.01.2026 को प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में वाप्कोस लिमिटेड द्वारा कराये जा रहे कार्यों की सम्पन्न समीक्षात्मक बैठक में वाप्कोस लिमिटेड के CMD के द्वारा आवंटित कार्यों के अवधि विस्तार माह मई 2027 तक के लिए, किये अनुरोध के आलोक में प्रस्ताव समर्पित करने का निदेश दिया गया। इस क्रम में तीनों योजनाओं को विस्तृत योजना प्रतिवेदन माह अप्रैल 2026 तक वाप्कोस द्वारा समर्पित किये जाने का आश्वासन दिया गया।

मुख्य अभियंता के पत्र में कार्यपालक अभियंता द्वारा उल्लेखित किया गया है कि "एकरारनामा सं0–02/2024–25 दिनांक–10.01.2025 के अन्तर्गत विषयांकित कार्य को एकरारित समयवृधि में पूर्ण नहीं किये जाने कि स्थिति में परामर्शी वाप्कोस लिमिटेड द्वारा पत्र के माध्यम से दिनांक–31.05.2027 तक के लिए समयवृद्धि हेतु अनुरोध किया गया है।

परामर्शी वाप्कोस लिमिटेड द्वारा समर्पित समयवृद्धि आवेदन/प्रस्ताव में निम्नलिखित तथ्यों को समयवृद्धि का कारण बताया गया है :-

(i) केन्द्रीय जल आयोग के बेवसाइट से आवश्यक डाटा जैसे कि Gauge, Discharge & Cross-sectional data विलंब से प्राप्त होना।

(ii) दिनांक–28.03.2025 को e-PAMS पर अपलोड करने के उपरांत केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली द्वारा PPR/PFR के अप्रेजल के क्रम में दिनांक–02.10.2025 को "In-Principle" Consent प्राप्त होने तक लगने वाले समय लगभग (6 महीना वास्तविक) का उल्लेख किया गया है।

(iii) Draft DPR का भी केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली से Observation एवं उसके Compliance में लगभग 6 महीने का समय लगने की संभावना है।

(iv) इस कार्य के EIA/EMP study का अनुमोदन SEIAA/MoEF & CC से लेना है।

(v) परामर्शी द्वारा उल्लेखित किया गया कि विषयांकित कार्य का EIA/EMP study का अनुमोदन SEIAA/MoEF & CC से प्राप्त करने हेतु MoEF के Guidelines /Notification 2006 के अनुसार कम से कम 3 season यानी 1 वर्ष का अध्ययन के पश्चात् अनुमोदन देने का प्रावधान है, जिसके अनुसार MoEF & CC से पर्यावरणीय मंजुरी हेतु TOR के अनुसार लगभग एक वर्ष समय लगेगा।

मुख्य अभियंता के द्वारा अद्यतन Work Schedule के अनुसार दिनांक–01.04.2026 तक अद्यतन स्थिति निम्नरूपेण है :–

| S.I. No. | Activity | As per work Programme Work Schedule | Present Status as on 01.04.2026 | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Topographic Survey of Command area | कमांड क्षेत्र सहित सभी सर्वे कार्य –15 फरवरी 2026 तक | बराज क्षेत्र का सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है। Canal Network system एवं Command Area का Survey कार्य किया जा रहा है, जिसे 31 मार्च 2026 तक पूर्ण करने हेतु प्रतिबंदित किया गया है। | सर्वे कार्य प्रगति पर है। |
| 2. | Geo-Technical Investigation of Command area | Geo-Technical Investigation कार्य –15 मार्च 2026 तक | Barrage Area का Geo-Technical कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं Canal Network system का Geo-Technical कार्य शेष है। | 01.04.2026 से कार्य प्रारंभ कर लिया गया है। |
| 3. | Design of canal and CD works | Design of canal and CD works –31 मार्च 2026 तक | Barrage का Design पूर्ण कर लिया गया है। Canal Network system एवं CD structures का Design शेष है। | Survey एवं Geo-Technical कार्य का Data प्राप्त होने के बाद Design किया जाएगा। |
| 4. | Estimation and preparation of Final Drawings | Estimation and preparation of Final Drawings– 15 अप्रैल 2026 तक | Barrage का Estimation पूर्ण कर लिया गया है, Canal Network system एवं CD structures का Estimation शेष है। | विस्तृत Design कार्य पूर्ण होने के बाद Final Estimation कार्य किया जायेगा। |
| 5. | Submission of Final DPR | April 2026 | DPR का कार्य प्रगति पर है। | दिनांक 25.03.2026 को DPRMC की संपन्न बैठक में परामर्शी द्वारा अप्रैल के दूसरे सप्ताह में DPR समर्पित करने का आश्वासन दिया गया है। |
| 6. | Preparation of ESIA & R&R Report & Clearance | ESIA & R&R works माह जनवरी 2026 के अंतिम सप्ताह से प्रारंभ । | वाप्कोस द्वारा चेकलिस्ट एवं ToR आवेदन कार्य हेतु टीम mobilize किया जा रहा है। ToR 10.04.2026 तक समर्पित करने का आश्वासन दिया गया है। | मई 2027 तक पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है। |

परामर्शी द्वारा समर्पित Work Plan के अनुसार DPR तैयार किये जाने का कार्य 31 मा॰ 2025 तक पूर्ण किया जाना था। उक्त अवधि में किसी भी तरह की अप्रत्याशित घटनाएँ यथा महामारी, प्राकृतिक आपदा (बाढ़, भूकम्प) जैसी घटनाएँ घटित नहीं हुई है।

परामर्शी द्वारा पत्रांक-WAP/Patna/Infra/Dheng/WRD/2026/08 दिनांक-16.03.2026 से समर्पित प्रगति प्रतिवेदन में उक्त कार्य/ Activity (Geo-Technical Investigation, EIA/ ESIA Works) को निविदा के माध्यम से कराये जाने का उल्लेख किया गया। इस संबंध में उल्लेखनीय है कि विभागीय स्वीकृत RFP एवं TOR में वर्णित कार्यों/ Activity (Geo-Technical Investigation, EIA/ ESIA Works) के कार्यान्वयन हेतु उनके स्तर से निविदा आमंत्रण करने का कोई प्रावधान नहीं है। साथ ही वाप्कोस के द्वारा एकरारनामा के समय भी निविदा आमंत्रण कर कार्य करने का उल्लेख नहीं किया गया। कालांतर में वाप्कोस द्वारा अपनी ओर से निविदा आमंत्रण कर कार्य कराया जा रहा है जिससे अनावश्यक विलम्ब हो रहा है।

विषयांकित कार्य को परामर्शी वाप्कोस लिमिटेड द्वारा एकरारित समयवृद्धि में पूर्ण नहीं किये जाने की स्थिति में दिनांक-31.05.2027 तक के लिए समयवृद्धि का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

**(C) <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णय</u> :-**

सम्यक् समीक्षोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सीतामढ़ी जिला बागमती नदी पर ढेंग एवं कटौंझा के समीप बराज निर्माण हेतु विस्तृत योजना प्रतिवेदन तैयार करने का कार्य की प्रगति काफी धीमी एवं असंतोषजनक है अतः वाप्कोस लिमिटेड द्वारा CWC के Guideline के अनुरूप प्रारूप विस्तृत योजना प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किये जाने के उपरांत समयवृद्धि प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा।

(अरविन्द कुमार वर्मा)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
जल संसाधन विभाग, पटना।

(वरुण कुमार)
अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण -सह-
मुख्य अभियंता,
समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन, जल संसाधन विभाग, पटना।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय,
जल संसाधन विभाग, पटना।

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, पटना।

ज्ञापांक–1/PMC/विविध/191/2024 312 पटना, दिनांक : 20/04/26

प्रतिलिपि :–मुख्य अभियंता, समग्र अन्वेषण एवं योजना आयोजन, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/4/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, पटना।

ज्ञापांक–1/PMC/विविध/191/2024 312 पटना, दिनांक : 20/04/26

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, सूचना एवं प्रावैधिकी केन्द्र, जल संसाधन विभाग, बिहार को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20/4/26.

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, पटना।

Desktop/draft_Letter_Cricular 2_249